दिन– रविवार | दिनांक– 17 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. शिक्षामंत्री मिथिलेश तिवारी ने दिया भरोसा। टीआरई फोर भर्ती परीक्षा के लिए शीघ्र जारी की जायेगी अधिसूचना।

02 केन्द्रीय पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा– केन्द्र सरकार पशु विकास के लिए कर रही है गंभीर प्रयास।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजगीर में एक महीने तक चलने वाले मलमास मेला का शुभारंभ किया। आठ लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना।

04. और, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान बक्सर, पूर्वी चंपारण और शेखपुरा जिलें में लू का येलो अलर्ट जारी किया।

---

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि टीआरई फोर भर्ती परीक्षा के लिए जल्द अधिसूचना जारी की जायेगी। श्री तिवारी ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश के अनुसार ही भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग परीक्षा आयोजन के लिए तैयार है।

–––बाइट–––

---

केन्द्रीय पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार पशुओं की नस्ल सुधार के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। मुंगेर दौरे पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्णियां के बाद लखीसराय में भी सेक्स सॉर्टेड सीमेन प्लांट की स्थापना की गई है। इससे पशुओं के विकास और दुग्ध उत्पादन में काफी लाभ होगा।

–––बाइट–––

श्री सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र मुंगेर के विभिन्न भागों का दौरा किया और क्षेत्र में चलाई जा रही विकास योजनाओं की समीक्षा की।

---

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने प्रधानमंत्री के पेट्रोल–डीजल के संयमित उपयोग की अपील का फिर स्वागत किया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि लागों को इसे अपनाना चाहिए।

–––बाइट–––

---

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा है कि नीट–यूजी पेपर लीक मामले में केन्द्र सरकार लगातार सक्रिय है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री सरावगी ने कहा कि जिन लोगों ने बच्चों के भविष्य से खेलने का प्रयास किया है। उन्हें बख्शा नही जायेगा।

–––बाइट–––

---

पथ निर्माण मंत्री शैलेन्द्र कुमार ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र भागलपुर के बिहपुर में एक खेल स्टेडियम स्थापित किये जाने की मांग की है। श्री शैलेन्द्र ने युवाओं के कौशल विकास, रोजगार के अवसरों के विस्तार और श्रमिक हितों से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की। केन्द्रीय मंत्री श्री मांडविया ने उन्हें सकारात्मक पहल का भरोसा दिया है।

---

देश का प्रमुख औद्योगिक संस्थान अडानी समूह बिहार के संरचनात्मक विकास के क्षेत्र में अगले तीन–चार वर्षों में पचास हजार करोड़ रूपये से अधिक का निवेश करेगा। समूह के प्रमुख गौतम अडानी ने आज सारण जिले के मस्तीचक में एक सौ पचास करोड़ रूपये की नेत्र चिकित्या पहल की शुरूआत करते हुए यह घोषणा की।

———बाइट———

अडानी समूह अखंड ज्योति आई अस्पताल के सहयोग से सारण में अत्याधुनिक नेत्र चिकित्सा केन्द्र और प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना कर रहा है। इसके तहत आज भूमि पूजन का आयोजन किया गया। समूह प्रमुख गौतम अडानी ने बिहार की भूमि को अध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान की भूमि बताते हुए कहा कि यहां आकर उन्हें शांति का अनुभव हुआ है।

———बाइट———

---

प्रदेश में जनगणना के पहले चरण के तहत मकानों की गिनती और उनके सूचीकरण का कार्य सूचारू रूप से चल रहा है। सूची तैयार करने के लिए घर के सामानों, उपलब्ध सुविधाओं और परिसंपत्तियों का विवरण जुटाया जा रहा है। गणना कार्य को प्रभावी और पारदर्शी  बनाने के लिए विभिन्न जिला प्रशासन ने नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। इसके माध्यम से लागों की शिकायतों, और आपत्तियों का निष्पादन भी किया जा रहा है।

---

पूर्वी चंपारण जिले के भारत–नेपाल सीमा के करीब रक्सौल वीरजंगज मैत्री पुल पर एसएसबी जवानों ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर रहे एक चीनी नागरिक को रिगफ्तार कर लिया। संदिग्ध व्यक्ति से प्राप्त पासपोर्ट के आधार पर उसकी पहचान चीनी नागरिक याओ सु जांग के रूप में की गई है। सुरक्षा एजेंसिया उसके भारत में प्रवेश के उद्‌देश्य, उसके संपर्क और गतिविधियों की जांच म जूटी है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की इकतीस तारीख को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ चौतीसवीं कड़ी होगी। श्रोता टोल–फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य एक एक सात आठ शून्य शून्य पर कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव भेज सकते हैं।

---

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस और डीप टेक्नोलॉजी ही भविष्य की अर्थव्यवस्था के मुख्य आधार होंगे। श्री शाह ने गुजरात के अहमदाबाद में, एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व के हर उभरते क्षेत्र में अग्रणी बन गया है।

———बाइट———

आने वाले 25 साल में जो सेक्टर विश्व की अर्थनीति को विश्व के अर्थतंत्र को दिशा देंगे। उन सभी क्षेत्र में आज भारत फाउंडर बनकर अपनी मजबूत उपस्थिति को दर्ज करा रहा है और यही बता रहा है कि भारत का भविष्य बहुत सुनहरा है। एआई और डीपटेक के जो भविष्य है इसके लिए इसके जैसे टेक पार्क बहुत बड़ा काम भी करेंगे और इसको आगे भी बढ़ाएंगे।

---

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि सरकार और पार्टी संगठन के बीच समन्वय भाजपा की असली ताकत है। श्री जायसवाल आज किशनगंज में पार्टी के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान जिला प्रशिक्षण वर्ग–2026" के समापन सत्र में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत रहे थे।

———बाइट———

पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेन्द्र भी प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हुए। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन, विचारधारा और आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर प्रशिक्षण दिया गया।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज नालंदा जिले के राजगीर में मलमास मेले का शुभारंभ किया। यह मेला पन्द्रह जून तक चलेगा। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री चौधरी ने कहा कि सनातन धर्म के तैंतीस करोड़ देवी देवता एक माह के लिए राजगीर में प्रवास करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को मलमास मेले में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को हर प्रकार की सूविधा दिये जाने के निर्देश दिये हैं। राजगीर तीर्थ रक्षार्थ पंडा समिति के सचिव विकास उपाध्याय ने बताया कि इस वर्ष करीब आठ लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इधर, प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। भीड़ प्रबंधन

के लिए नौ सौ पचास दंडाधिकारी की निगरानी में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई।

---

पछुवा हवा के प्रभव से प्रदेश के अधिकांश भाग में उमस के साथ तेज गर्मी की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान अधिकतर स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी दर्ज किये जाने की संभावना है। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर, पूर्वी चंपारण और शेखपुरा जिलें में लू चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

———बाइट———

पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

और अब, एक महत्वपूर्ण सूचना–

———प्रोमा———

---

अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर आज कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने अपने संदेश में कहा कि संग्रहालय वर्तमान, अतित और भविष्य के बीच सेतू का काम करते है। उन्होंने कहा कि संग्रहालय हमें विरासत से जोड़ते है और भविष्य के लिए प्रेरित करते है।

---

आज विश्व उच्च रक्तचाप दिवस है। इसका उद्देश्य उच्च रक्तचाप के बारे में वैश्विक जागरूकता, रोकथाम, पहचान और नियंत्रण को बढ़ावा देना है। इस वर्ष का

विषय है–उच्च रक्तचाप को मिलकर नियंत्रित करें, नियमित रूप से अपने रक्तचाप की जांच करें और इस बीमारी को हराएं"। इस अवसर पर कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के बिहार इकाई की ओर से पटना समेत कई जिलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कल पटना के गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम मे अस्सी नये अग्निशमन वाहनों का लोकार्पण और एआई आधारित अग्नि नियंत्रण केन्द्र का उद्घाटन करेंगें। इससे राज्य अग्निशमन सेवा को अधिक सशक्त और आधुनिक बनाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम का आयोजन पूर्वाह्न ग्यारह बजे होगा।

---

जहानाबाद जिले के अरवल मोड़ के समीप साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रचार–प्रसार किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को घरों की छत पर सोलर पैनल लगाकर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के प्रति जागरूक किया गया।

---

भारत स्काउट एंड गाइड की टीम ने जहानाबाद के उर्दू कन्या मध्य विद्यालय में जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

---

01. शिक्षामंत्री मिथिलेश तिवारी ने दिया भरोसा। टीआरई फोर भर्ती परीक्षा के लिए शीघ्र जारी की जायेगी अधिसूचना।

02 केन्द्रीय पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा– केन्द्र सरकार पशु विकास के लिए कर रही है गंभीर प्रयास।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजगीर में एक महीने तक चलने वाले मलमास मेला का शुभारंभ किया। आठ लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना।

04. और, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान बक्सर, पूर्वी चंपारण और शेखपुरा जिलें में लू का येलो अलर्ट जारी किया।

---

समाप्त